ओ पहाड़ा वाली माँ माता पहाड़ा वाली माँ

ओ पहाड़ा वाली माँ माता पहाड़ा वाली माँ ....

ऊँचे पहाड़ा वाली जगदम्बे राजरानी
आया हूँ दर पे तेरे दर्शन दे ओ भवानी
ऊँचे पहाड़ा वाली ....

है प्यारी प्यारी मैया बालक हम मैं तुम्हारा
तेरे सिवा जहाँ में कोई नहीं हमारा
एक बार मेरी मैया सुनले मेरी कहानी
आया हूँ दर पे तेरे दर्शन दे ओ भवानी
ऊँचे पहाड़ा वाली ....

मेरा रोम रोम मैया तेरा नाम ले रहा है
दर्शन तुम्हारे होंगे एहसास हो रहा है
तेरी याद में गुज़ारी है मैंने ज़िंदगानी
आया हूँ दर पे तेरे दर्शन दे ओ भवानी
ऊँचे पहाड़ा वाली ....

कलयुग हो चाहे सतयुग हर युग में तुमको पाऊं
करूँ वंदना तुम्हारी वरदान ये ही चाहूँ
वेदों ने मैया तेरी महिमा सदा बखानी
आया हूँ दर पे तेरे दर्शन दे ओ भवानी
ऊँचे पहाड़ा वाली ....

पापों का नाश करके पावन हृदय बना दो
सत्कर्म से हटूं ना ऐसा मुझे बना दो
रामा तेरे चमन का एक phool है भवानी
आया हूँ दर पे तेरे दर्शन दे ओ भवानी
ऊँचे पहाड़ा वाली ....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18820/title/o-pahada-vali-maa-mata-pahada-vali-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |